रतले हाइड्रोइलेक्ट्रिक पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा 15 अगस्त 2023 को भारत का 77वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया

रतले हाइड्रोइलेक्ट्रिक पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड में "**77वां स्वतंत्रता दिवस**" बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। शालीमार कार्यालय परिसर में आयोजित इस समारोह में रतले हाइड्रोइलेक्ट्रिक पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों, कर्मचारियों, अनुबंधित श्रमिकों व स्थानीय लोगों ने भाग लिया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री अशोक कुमार नौरियाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया ।

इस विशेष अवसर पर समारोह के दौरान श्री आर के विश्नोई, माननीय अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय के उत्साहवर्धक संबोधन-भाषण का भी वेबकास्टिंग के माध्यम से लाईव टेलिकास्ट किया गया। माननीय अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय ने इस अवसर पर सभी को शुभकामनायेँ दी और उज्जल भविष्य की कामना की और सभी कर्मचारियों से एनएचपीसी एवं देशहित मे कार्य करने की अपील की ताकि हम निरंतर देश की तरक्की में हाथ बटाते रहें ।

इस शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि महोदय ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया तथा स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी । उन्होने भारत माता को स्वतंत्र कराने के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले अमर शहीदों को याद किया और विशेष तौर पर आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे देश के इस पर्व पर सभी को हार्दिक बधाई दी । इस वर्ष भारत सरकार के हर घर तिरंगा अभियान की भी सराहना करते हुये उन्होंने कहा कि इससे पूरे देश में एकता और देशभक्ति का प्रसार हुआ । इस दौरान कर्मचारियों ने मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत पंच प्रण शपथ ली ।

इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी महोदय ने आरएचपीसी की उपलब्धियों का उल्लेख किया। उन्होने कहा कि रतले परियोजना का कार्य 18.01.2022 को ईपीसी टर्नकी के अंतर्गत अवॉर्ड होने के पश्चात काफी कम समय में डाइवर्जन टनल 1 & 2 को डे-लाइट, डीटी–1 की हेडिंग एवं बेंचिंग खुदाई, DT-2 के इन्वर्ट लाइनिंग, CVT, MAT, ATC, ASC के उत्खनन तथा डाउनस्ट्रीम स्थित स्थायी ब्रिज की कान्क्रीटिंग का कार्य पूरा कर

दिया गया है। साथ ही सीएसपीडीसीएल-छत्तीसगढ़ और जीयूवीएनएल-गुजरात के साथ पीपीए पर हस्ताक्षर कर दिया गया है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महोदय ने सभी कर्मचारियों के योगदान की सराहना की तथा आशा ब्यक्त की, कि इस परियोजना को समय से पहले पूरा करने के लिए सभी प्रयास किए जाएंगे ।

कार्यक्रम के दौरान जवाहर नवोदय विद्यालय, शालीमार के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया , जिसने सभी का मन मोह लिया । अंत में विद्यार्थियों को उत्साहवर्धन हेतु श्रीमती रूचि नौरियाल एवं श्री अशोक कुमार नौरियाल, सीईओ आरएचपीसीएल द्वारा पुरस्कृत किया गया।

इस कार्यक्रम में, श्री विनोद कुमार शर्मा, महाप्रबंधक (विद्युत), श्री प्रवीण कुमार सिद्धु, महाप्रबंधक (सिविल), आरएचपीसी के वरिष्ठ अधिकारीगण, प्रिन्सपल- जवाहर नवोदय विद्यालय, शालीमार और कार्मिक उपस्थित थे ।

कार्यक्रम की झलकियां

जवाहर नवोदय विद्यालय, शालीमार के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम

बच्चों के उत्साहवर्धन हेतु पुरस्कार वितरण

रतले
RATLE
CELEBRATION

कॉर्पोरेशन लिमिटेड
लिमिटेड का संयुक्त उपक्रम)
CORPORATION
Limited and JKSPDC Limited)
2023
RATLE OFFICE
COLONY,